द्वितीय सेंट मोन्टफोर्ट कप अर्न्तविद्यालयीन बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट 2018 में सेंटमोन्टफोर्ट स्कूल विजयी

आज दिनांक 14 दिसम्बर 2018 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में सेंट मोटफोर्ट कप अर्न्तविद्यालयीन बालिका क्रिकेट कप टूर्नामेंट के दूसरे दिन हुए सेमी फाइनल मैच में सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय की टीम ने डी. पी. एस. स्कूल की टीम को हराया ।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की टीम ने आनंद विहार विद्यालय की टीम को पराजित किया।

इस मैच में सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की सुहानी यादव को ''**वुमैन ऑफ द मैच**'' घोषित किया गया । सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की टीम की कप्तान **जसनीत कौर को ''सर्वश्रेष्ठ** बल्लेबाज का खिताब दिया गया। उन्होने 50 रन बनाए। 'बेस्ट बॉलर' का खिताब आनंद विहार विद्यालय की सुप्रिया गौर को दिया गया। उन्होने 6 विकेट लिये । मुख्य अतिथि माननीय श्री बिट्टू शर्मा सी. एस. पी. अयोध्यानगर ने विजेता तथा उपविजेता टीमों के खिलाडियों को पुरूस्कार व ट्राफी प्रदान की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

अंत में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनच्चन के. के. जी ने सभी सम्मानित अतिथियों कोच, खिलाड़ियों, व मेजबान टीम की खेल समीति के सदस्यों को धन्यवाद दिया और टूर्नामेंट की समाप्ति की औपचारिक घोषणा की।